समाचार

विश्व पर्यावरण दिवस

# महापौर एवं विधायक द्वय ने किया वृक्षारोपण



कोरबा 05 जून 2020 –विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर निहारिका घंटाघर कोरबा स्थित स्मृति उद्यान में आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, विधायक कटघोरा श्री पुरूषोत्तम कंवर एवं विधायक पाली तानाखार श्री मोहित केरकेट्टा ने फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए वृक्षारोपण किया, इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे उनके द्वारा रोपे गए। कोविड–19 के प्रोटोकाल को देखते हुए विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया, केवल स्थल पर पहुंचकर फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए वृक्षारोपण का कार्य सम्पन्न कराया गया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं एम.आई.सी.सदस्य श्रीमती सपना चौहान, कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पार्षद सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, कांग्रेस कोरबा ब्लाक अध्यक्ष एवं एम.आई.सी. सदस्य संतोष राठौर, कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, एम.आई.सी.सदस्य सुखसागर निर्मलकर, पार्षद अनुज जायसवाल, पूर्व पार्षद एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुकेश राठौर, रामप्रताप जायसवाल एवं गीता गभेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने वृक्षारोपण किया।